# Daily Current Affairs

**Date : 27 August, 2025**

UTKARSH CLASSES | CIVIL SERVICES

## अनुक्रमणिका


| क्र. सं. | टॉपिक का नाम |
|---|---|
| 1. | विश्वकर्मा युवा उद्यमी प्रोत्साहन योजना |
| 2. | विकसित राजस्थान@2047 : विज़न डॉक्यूमेंट |
| 3. | स्वामी विवेकानंद स्कॉलरशिप फॉर एकेडमिक एक्सीलेंस |
| 4. | मथुदास माथुर अवॉर्ड – 2025 |
| 5. | राजस्थान के 13 खिलाड़ियों को IGNP के तहत् भूमि आवंटन |
| 6. | न्यूज़ इन शॉर्ट्स<br>1. राष्ट्रीय स्तरीय सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम<br>2. अंकित कुमार ने वर्ल्ड ट्रांसप्लांट गेम्स में जैवेलियन थ्रो में रजत पदक जीता<br>3. आचार्य रामचंद्र शुक्ल पुरस्कार<br>4. योगेश कुमार साहू |
| 7. | पुनौराधाम मंदिर |
| 8. | PM ई-ड्राइव योजना |
| 9. | DARPG: ई-गवर्नेंस 2026 के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार योजना |
| 10. | न्यूज़ इन शॉर्ट्स<br>1. मोर, बरगद की जीनोम सिक्वेंसिंग करने वाला देश का पहला संस्थान<br>2. सिक्किम : नारी अदालत<br>3. पहली राष्ट्रीय युवा शेफ प्रतियोगिता 2025 (NYCC)<br>4. महिला फुटबॉल: कोपा अमेरिका चैम्पियनशिप 2025 |





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राजस्थान परिदृश्य

## विश्वकर्मा युवा उद्यमी प्रोत्साहन योजना

### चर्चा में क्यों?



- हाल ही में, राजस्थान सरकार द्वारा युवाओं को स्वावलंबी बनाने एवं रोजगार के नए अवसर उपलब्ध करने के उद्देश्य से 'विश्वकर्मा युवा उद्यमी प्रोत्साहन योजना' को स्वीकृति प्रदान की गई।

### मुख्य बिन्दु :

- योजना के तहत् 18 से 45 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं को वित्तीय संस्थानों के माध्यम से मार्जिन मनी एवं कम ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे वे स्वयं का उद्यम स्थापित कर सकेंगे या पहले से स्थापित उद्यम का विस्तार, विविधीकरण अथवा आधुनिकीकरण कर सकेंगे।
- योजना में अधिकतम 2 करोड़ रुपये तक के ऋण पर 8 प्रतिशत तक ब्याज अनुदान दिया जाएगा।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- महिला, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, दिव्यांग श्रेणी के उद्यमियों, ग्रामीण क्षेत्र में स्थापित उद्यम, कार्ड धारक बुनकर एवं शिल्पकारों को 1 करोड़ से अधिक और 2 करोड़ रुपये तक के ऋण पर 1 प्रतिशत अतिरिक्त ब्याज अनुदान मिलेगा।
- साथ ही, वित्तीय संस्थान द्वारा दिए गए ऋण पर 25 प्रतिशत अथवा अधिकतम 5 लाख रुपये तक मार्जिन मनी अनुदान भी प्रदान किया जाएगा।

**फैक्ट्स फॉर प्रीलिम्स:**

**प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना:**

- **घोषणा :** 77वें स्वतंत्रता दिवस (15 अगस्त, 2023) के अवसर पर प्रधानमंत्री द्वारा।
- **अनुमोदन :** 16 अगस्त, 2023 को आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति द्वारा।
- **लॉन्च :** 17 सितंबर, 2023 को विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर नई दिल्ली स्थित इंडिया इंटरनेशनल कन्वेंशन एंड एक्सपो सेंटर से।
- **उद्देश्य :** विभिन्न पारंपरिक शिल्पों में कुशल देश भर के कारीगरों और शिल्पकारों का उत्थान करना, जिससे भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण हो सके।
- **वित्त पोषण :** शत-प्रतिशत केंद्र सरकार द्वारा। वित्तीय परिव्यय पाँच वर्षों (वित्त वर्ष 2023-24 से 2027-28) की अवधि के लिए ₹13,000 करोड़ है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# विकसित राजस्थान@2047 : विज़न डॉक्यूमेंट

## चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, राजस्थान मंत्रिमंडल द्वारा आर्थिक समृद्धि, सतत् विकास एवं समावेशी प्रगति के विज़न डॉक्यूमेंट 'विकसित राजस्थान@2047' का अनुमोदन किया गया।




## मुख्य बिन्दु :

- यह विज़न डॉक्यूमेंट भारत को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने की परिकल्पना के अनुरूप है।
- विजन डॉक्यूमेंट के अनुरूप संबंधित विभाग विस्तृत कार्ययोजना तैयार करेंगे तथा वित्तीय आवश्यकताओं का वर्षवार आकलन कर उपलब्ध संसाधनों के अनुसार इसकी क्रियान्विति करेंगे।
- इस विजन डॉक्यूमेंट में राजस्थान को वर्ष 2029 तक $350 बिलियन की अर्थव्यवस्था और वर्ष 2047 तक $4.3 ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य रखा गया है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- इसमें जनकल्याण एवं सामाजिक सशक्तीकरण, तीव्र विकास एवं रोजगार सृजन, भविष्य उन्मुख राजस्थान के लिए भौतिक अवसंरचना और सतत् विकास तथा सहायक आधार नीति, वित्त एवं शासन थीम्स को शामिल किया गया है।
- इस दस्तावेज में शत-प्रतिशत साक्षरता, छात्र-केंद्रित और कौशल आधारित शिक्षा प्रणाली, युवाओं और महिलाओं का सशक्तीकरण, सभी के लिए गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता, सतत् जल प्रबंधन, स्मार्ट शहरीकरण, किफायती आवास, आधुनिक परिवहन, पर्यावरण संरक्षण और हरित ऊर्जा को विशेष प्राथमिकता दी गई है।

**फैक्ट्स फॉर प्रीलिम्स:**

**विकसित भारत@2047 के लिए भारत के लक्ष्य:**

- **आर्थिक विकास :** 7-8 प्रतिशत वार्षिक की सतत् जीडीपी वृद्धि दर प्राप्त करना।
- **सामाजिक समानता :** गरीबी उन्मूलन, सार्वभौमिक स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित करना और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना।
- **वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता :** भारत को शीर्ष तीन वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं में स्थान दिलाना।
- **पर्यावरणीय स्थिरता :** वर्ष 2070 तक शुद्ध-शून्य उत्सर्जन प्राप्त करना और नवीकरणीय ऊर्जा को अपनाना।
- **औद्योगिक आधुनिकीकरण :** मेक इन इंडिया के तहत् जीडीपी में 25 प्रतिशत योगदान देने के लिए विनिर्माण को बढ़ावा देना।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# स्वामी विवेकानंद स्कॉलरशिप फॉर एकेडमिक एक्सीलेंस

## चर्चा में क्यों?

- **हाल ही में, उच्च शिक्षा विभाग ने स्वामी विवेकानंद स्कॉलरशिप फॉर एकेडमिक एक्सीलेंस योजना, 2025-26 के लिए नई गाइडलाइन जारी की।**



## मुख्य बिन्दु :

- **स्कॉलरशिप सीटें : विदेश में 150 और देश में 350 सीटों पर स्कॉलरशिप दी जाएगी। पिछले सत्र में विदेश में 300 और देश में 200 सीटें थी।**
- **'स्वामी विवेकानंद स्कॉलरशिप फॉर एकेडमिक एक्सीलेंस योजना' की शुरुआत वर्ष 2021-22 में 'राजीव गाँधी स्कॉलरशिप योजना' के रूप में हुई थी।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- इस योजना का उद्देश्य राजस्थान के टॉपर और आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को देश-विदेश के शीर्ष संस्थानों में उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर प्रदान करना था। शुरुआत में इस योजना के तहत् विदेशी विश्वविद्यालयों के लिए 500 सीटें और देश के संस्थानों के लिए 200 सीटें निर्धारित की गई थी।
- नई गाइडलाइन के अनुसार छात्रवृत्ति प्राप्त करने के बाद, अभ्यर्थी कोर्स समाप्त होने के बाद राजस्थान में जॉब तलाशने की प्राथमिकता देंगे और राज्य को अपनी अकादमिक दक्षता से लाभान्वित करेंगे।
- राज्य सरकार की स्कीमों का तुलनात्मक अध्ययन और सुधार के लिए अभ्यर्थी प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार करेंगे और इंजीनियरिंग कोर्सेज में अध्ययनरत छात्रों से तकनीकी सहयोग लिया जाएगा।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# मथुरादास माथुर अवॉर्ड – 2025

## ➲ चर्चा में क्यों?




- हाल ही में, राजस्थान के सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर्स को दिए जाने वाले 'मथुरादास माथुर अवॉर्ड' की घोषणा की गई।

## ➲ मुख्य बिन्दु :

### पुरस्कार विजेता:

- **सीनियर श्रेणी :** महिपाल लोमरोर (नागौर)
- **जूनियर श्रेणी :** कार्तिक शर्मा (भरतपुर)
- **सब-जूनियर श्रेणी :** यथार्थ भारद्वाज (जयपुर)
- महिपाल लोमरोर क्रिकेटर्स पंकज सिंह, अनिकेत चौधरी और अशोक मेनारिया के बाद यह पुरस्कार प्राप्त करने वाले राजस्थान के चौथे क्रिकेटर है।
- इससे पूर्व महिपाल को वर्ष 2017 में भी सीनियर कैटेगरी का यह अवॉर्ड मिल चुका है।
- इन पुरस्कारों का वितरण मथुरादास माथुर की जन्मतिथि (6 सितंबर) पर किया जाएगा।
- पुरस्कारस्वरूप सीनियर श्रेणी में ₹15,000, जूनियर व सब जूनियर श्रेणी में ₹7500 के साथ-साथ सर्टिफिकेट ऑफ एक्सीलेंस, स्मृति चिह्न और क्रिकेट किट दी जाती है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राजस्थान के 13 खिलाड़ियों को IGNP के तहत् भूमि आवंटन

## चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, राजस्थान सरकार द्वारा प्रदेश के 13 खिलाड़ियों को इंदिरा गाँधी नहर परियोजना (IGNP) के तहत् भूमि आवंटन के आदेश जारी किए गए।

## मुख्य बिन्दु :

| क्रम | खिलाड़ी का नाम | खेल | उपलब्धि |
|---|---|---|---|
| 1. | ओमप्रकाश ढाका | बास्केटबॉल | 1982 में नई दिल्ली में आयोजित एशियाई खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व |
| 2. | अवनी लेखरा | निशानेबाजी | पैरालिंपिक गोल्ड मेडलिस्ट |
| 3. | सुंदर गुर्जर | जैवलिन थ्रो | पैरालिंपिक ब्रॉन्ज मेडलिस्ट |
| 4. | श्याम सुंदर स्वामी | तीरंदाजी | पैरालिंपिक खिलाड़ी |
| 5. | रवि बिश्नोई | क्रिकेट | 2023 एशियाई खेलों में गोल्ड मेडल |
| 6. | रजत चौहान | तीरंदाजी | 2014 एशियाई खेलों में गोल्ड मेडल |
| 7. | शगुन चौधरी | निशानेबाजी | 2014 एशियाई खेलों में कांस्य मेडल |
| 8. | मंदीप सिंह | वॉलीबॉल | 2014 एशियाई खेलों में भाग लिया |
| 9. | अर्जुन लाल | नौकायन | 19वें एशियाई खेलों में कांस्य विजेता |
| 10. | जाकर खान | नौकायन | 19वें एशियाई खेलों में कांस्य विजेता |
| 11. | भोपाल सिंह | नौकायन | 18वें एशियाई खेलों में हिस्सा लिया |
| 12. | सचिन | कबड्डी | 19वें एशियाई खेलों में गोल्ड मेडल |
| 13. | अनंतजीत सिंह नरुका | निशानेबाजी | पेरिस ओलंपिक खेलों में भाग लिया |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# न्यूज़ इन शॉर्ट्स

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 1. | **राष्ट्रीय स्तरीय सतत् चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम**<br>♦ राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान जयपुर में हाल ही में, छह दिवसीय राष्ट्रीय स्तरीय सतत् चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।<br>♦ **उद्देश्य :** पारंपरिक आयुर्वेदिक आहार सिद्धांतों को वैज्ञानिक दृष्टिकोण से समझना, पोषण संबंधी लाभों का अध्ययन करना और समकालीन चिकित्सा पद्धतियों में शामिल करने पर विचार-विमर्श करना। |
| 2. | **अंकित कुमार ने वर्ल्ड ट्रांसप्लांट गेम्स में जैवेलियन थ्रो में रजत पदक जीता**<br>♦ हाल ही में, जर्मनी के ड्रेसडन में आयोजित वर्ल्ड ट्रांसप्लांट गेम्स में किडनी ट्रांसप्लांट खिलाड़ी अंकित कुमार सोहू ने जैवलिन थ्रो में रजत पदक जीता।<br>♦ मूल रूप से झुंझुनू के गुढ़ागौड़जी निवासी अंकित पहले वॉलीबॉल के राष्ट्रीय खिलाड़ी रह चुके हैं।<br>♦ अंकित ने मार्च, 2025 में चंडीगढ़ में आयोजित PGI ट्रांसप्लांट नेशनल गेम्स में जैवलिन थ्रो में 32.65 मीटर और लॉन्ग जंप में 15.088 फीट के राष्ट्रीय रिकॉर्ड्स के साथ स्वर्ण पदक व 200 मीटर रेस में रजत पदक सहित कुल चार पदक हासिल किए थे। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | |
|---|---|
| 3. | **आचार्य रामचंद्र शुक्ल पुरस्कार**<br>♦ हाल ही में, जयपुर स्थित हरिदेव जोशी पत्रकारिता और जनसंचार विश्वविद्यालय (HJU) के कुलगुरु प्रोफेसर नंद किशोर पांडेय को मध्य प्रदेश साहित्य अकादमी द्वारा 'अखिल भारतीय आचार्य रामचंद्र शुक्ल पुरस्कार' से सम्मानित किया गया।<br>♦ उन्हें यह पुरस्कार उनकी चर्चित पुस्तक 'भारत बोध और भक्ति कविता' के लिए प्रदान किया गया है। |
| 4. | **योगेश कुमार साहू**<br>♦ थाइलैंड में आयोजित 8वीं हीरोज ताइक्वांडो चैम्पियनशिप में जयपुर के योगेश कुमार साहू ने रजत पदक जीता। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## राष्ट्रीय परिदृश्य

## पुनौराधाम मंदिर

➲ **चर्चा में क्यों?**

- **हाल ही में, केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने बिहार के सीतामढ़ी में माँ सीता की जन्मस्थली पुनौराधाम मंदिर एवं परिसर के समग्र विकास की वृहद् योजना का भूमिपूजन किया।**




➲ **मुख्य बिन्दु :**

- **सीतामढ़ी-दिल्ली अमृत भारत ट्रेन का शुभारम्भ किया गया।**
- **उद्देश्य : मिथिला की संस्कृति तथा धरोहर को बढ़ावा देना।**

**मिथिला :**

- **इतिहास : वैदिक काल (1500-500 ईसा पूर्व) से प्रारंभ हुआ तथा यह भारत के 16 महाजनपदों में से एक था।**
- **उपनाम : तिरहुत अथवा तिरभुक्ति।**
- **भाषा : मुख्य भाषा – मैथिली, जो इंडो-आर्यन परिवार से संबंधित है।**
- **मधुबनी अथवा मिथिला पेंटिंग : मिथिला पेंटिंग अपनी अनूठी शैली के लिये प्रसिद्ध है, जिसे मधुबनी अथवा मिथिला पेंटिंग के रूप में जाना जाता है, जो चमकीले मिट्टी के प्राकृतिक रंगों तथा ज्यामितीय पैटर्न का उपयोग करके बनाई जाती है।**




उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# महत्त्वपूर्ण योजनाएँ

## PM ई-ड्राइव योजना

### ➲ चर्चा में क्यों?

- **भारी उद्योग मंत्रालय ने PM ई-ड्राइव योजना की अवधि को 31 मार्च, 2026 से बढ़ाकर 31 मार्च, 2028 (चार वर्ष) कर दिया हैं।**





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

➲ **मुख्य बिन्दु :**

- **पीएम ई-ड्राइव :** प्रधानमंत्री इलेक्ट्रिक ड्राइव रिवॉल्यूशन इन इनोवेटिव व्हीकल एनहांसमेंट।
- **लागू :** 1 अक्टूबर, 2024
- **उद्देश्य :** देश में इलेक्ट्रिक वाहनों (EV) को अपनाने में तेजी लाना, मजबूत चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर स्थापित करना और EV मैन्युफैक्चरिंग इकोसिस्टम को मजबूत करना।
- **चार्जिंग अवसंरचना और एकीकृत ईवी सुपर ऐप का विकास हेतु नोडल एजेंसी :** भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (BHEL)।
- **परिव्यय :** ₹10,900 करोड़ (एक निधि-सीमित योजना)।
- **समय अवधि :** 2024-2028
- **नोडल मंत्रालय :** भारी उद्योग मंत्रालय।

**विशेषताएँ :**

| विशेषता | विवरण |
|---|---|
| सब्सिडी और माँग प्रोत्साहन | ▪ इलेक्ट्रिक दोपहिया, तिपहिया वाहन, एम्बुलेंस, ट्रक और बसों की खरीद को प्रोत्साहन। |
| EV खरीदारों के लिए ई-वाउचर | ▪ खरीदारों को पंजीकृत मोबाइल नंबर पर आधार-प्रमाणित ई-वाउचर प्रदान करना। |
| E-एम्बुलेंस | ▪ **उद्देश्य :** पर्यावरण अनुकूल और इलेक्ट्रिक एम्बुलेंस प्रदान करना। |
| सार्वजनिक परिवहन के लिए ई-बसें | ▪ **लक्ष्य :** राज्य परिवहन उपक्रमों और सार्वजनिक परिवहन एजेंसियों के लिए 14,028 ई-बसों की खरीद।<br>▪ सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की वाहन स्क्रैपिंग योजना के तहत् पुरानी बसों को इलेक्ट्रिक बसों से प्रतिस्थापित करना। |
| ई-ट्रकों के लिए प्रोत्साहन | ▪ MoRTH-अधिकृत वाहन स्क्रैपिंग केंद्रों से स्क्रैपिंग प्रमाणपत्र प्राप्त व्यक्ति को प्रोत्साहन। |
| चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर | ▪ **लक्ष्य :** सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशन स्थापित करना। |



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# DARPG: ई-गवर्नेंस 2026 के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार योजना

## ➲ चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय (DARPG) द्वारा ई-गवर्नेंस, 2026 के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार योजना को अधिसूचित किया गया।

## ➲ मुख्य बिन्दु :

- ई-गवर्नेंस (NAEG) 2026 के लिए 23वें राष्ट्रीय पुरस्कार की योजना का उद्देश्य 16 पुरस्कारों के माध्यम से सात श्रेणियों के अंतर्गत ई-गवर्नेंस पहलों के कार्यान्वयन में उत्कृष्टता को बढ़ावा, प्रभावी प्रथाओं को साझा करने को बढ़ावा और महत्त्वपूर्ण उपलब्धियों को मान्यता देना है।
- वितरण : प्रतिवर्ष

श्रेणियाँ :

1. डिजिटल परिवर्तन के लिए प्रौद्योगिकी के उपयोग के माध्यम से सरकारी प्रक्रियाओं का पुनर्निर्माण।
2. नागरिक-केंद्रित सेवाएँ प्रदान करने के लिए AI और अन्य आधुनिक तकनीकों के उपयोग द्वारा नवाचार।
3. साइबर सुरक्षा में सर्वोत्तम ई-गवर्नेंस प्रथाएँ/नवाचार।
4. ई-गवर्नेंस में जिला स्तरीय पहल।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

5. सेवा वितरण को गहन/व्यापक बनाने के लिए ग्राम पंचायतों या समकक्ष पारंपरिक स्थानीय निकायों द्वारा जमीनी स्तर पर पहल।

6. राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों/जिलों द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कृत और मिशन-मोड ई-गवर्नेंस परियोजनाओं की प्रतिकृति और स्केलिंग।

7. केंद्रीय मंत्रालयों/राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा डिजिटल प्लेटफार्मों में डेटा एनालिटिक्स के उपयोग द्वारा डिजिटल परिवर्तन।

- **ई-गवर्नेंस (NAEG) पुरस्कार, 2026 :** कुल 16 पुरस्कार प्रदान किए जाएँगे (10 स्वर्ण पुरस्कार और 6 रजत पुरस्कार)।

  (i) एक ट्रॉफी।

  (ii) एक प्रमाण पत्र।

  (iii) प्रत्येक स्वर्ण पुरस्कार विजेता के लिए ₹10 लाख और प्रत्येक रजत पुरस्कार विजेता के लिए ₹5 लाख की प्रोत्साहन राशि।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR


# न्यूज़ इन शॉर्ट्स

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 1. | **मोर, बरगद की जीनोम सिक्वेंसिंग करने वाला देश का पहला संस्थान**<br><br><br>♦ इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एजुकेशन एंड रिसर्च द्वारा मोर, बरगद, पीपल और भारतीय गाय की जीनोम सिक्वेंसिंग की गई है, ऐसा करने वाला यह देश का पहला संस्थान है।<br>♦ इंस्टीट्यूट में 166 करोड़ के फाइनेंशियल आउटलेट के साथ 542 प्रोजेक्ट पूर्ण किए तथा 9 पेटेंट मिले हैं। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

2.

## सिक्किम : नारी अदालत




- **शुरुआत :** हाल ही में, सिक्किम ने गंगटोक में 'नारी अदालत' की शुरुआत की।
- **संचालन :** केवल महिलाएँ।
- **विवादों का समाधान :** गाँव या कस्बे के स्तर पर चलने वाली यह अदालत घरेलू विवाद, आपसी झगड़े, संपत्ति के छोटे विवाद जैसे मामलों का समाधान करेगी।

3.

## पहली राष्ट्रीय युवा शेफ प्रतियोगिता, 2025 (NYCC)



- **शुभारंभ :** पर्यटन मंत्रालय ने PHD चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (PHDCCI) के सहयोग से चंडीगढ़ में भारत की पहली राष्ट्रीय युवा शेफ प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया।
- **विषय :** "भारतीय पाककला विरासत का उत्सव: परंपरा और नवाचार का सम्मिश्रण"।
- NYCC, भारतीय पाककला संघों के महासंघ और पर्यटन एवं आतिथ्य कौशल परिषद के सहयोग से एक संयुक्त प्रयास है।
- इसमें पूरे भारत में क्षेत्रीय प्रतियोगिताएँ आयोजित की जाएँगी, जिनका समापन जनवरी, 2026 में IHM पूसा, नई दिल्ली में किया जाएगा।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## 4. महिला फुटबॉलः कोपा अमेरिका चैम्पियनशिप, 2025



- **हाल ही में, ब्राजील की महिला फुटबॉल टीम ने कोलंबिया की महिला फुटबॉल टीम को हराकर लगातार पाँचवीं बार कोपा अमेरिका चैम्पियन का जीत लिया।**
- **यह टूर्नामेंट का 10वाँ सीजन था।**
- **ब्राजील की महिला फुटबॉल टीम ने यह खिताब लगातार पाँचवीं और कुल नौवीं बार जीता।**



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR